# सादुलपुर-सांखू सड़क मार्ग पर हरे पेड़ों की धड़ल्ले से तस्करी, प्रशासन बेखबर

- **इन दिनों लकड़ी तस्कर राजगढ़ तहसील सहित आस-पास के क्षेत्र में हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर चांदी कूट रहे हैं**

**सादुलपुर, (निसं)।** भले ही पर्यावरण जागरूकता को लेकर राज्य सरकार कितने ही बढ-चढ कर दांवे करें, लेकिन वन विभाग की उदासीनता के चलते पर्यावरण जागरूकता के दांवे खोखले नजर आ रहे है। वहीं इसी क्रम में अज्ञात लकडी तस्करों ने इन दिनों वन विभाग के अधिकारियों की उदासीनता का फायदा उठाते हुए सादुलपुर साँखू सडक मार्ग पर तस्कर कस्बा राजगढ के श्याम विहार के पास स्थित जोहडी में से सडक किनारें खडे हरे पेडों को काटकर ले गये हैं, जबकि वन विभाग के अधिकारी व प्रशासन को इस संबन्ध में किसी प्रकार की जानकारी नहीं है।

वहीं इन दिनों लकडी तस्करों द्वारा तहसील सहित आस-पास के क्षैत्र में हरे पेडो की अंधाधुंध कटाई होने से जहाँ लकडी तस्कर चांदी कूट रहे हैं, वहीं हरे पेडों की हो रही अंधाधुंध कटाई मानव जीवन के लिए दिन प्रतिदिन खतरा बनती जा रहा है। हांलाकि लकडी तस्कर सभी नियम का कानूनों के बिना किसी डर एवं भय के वन विभाग की जागरूकता एवं पुलिस गस्त को धत्ता बताते हुए धडल्ले से हरे पेडों की कटाई कर हरियाणा सीमा के आसपास के क्षैत्र झुंपा, सिवानी, तोशाम, बहल सहित अन्य क्षैत्रों में ले जाकर मंहगे दामो में हरे पेडों की लकडियों की तस्करी कर मोटा मुनाफा कमा रहे है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लकडी तस्कर वन विभाग के अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन को आर्थिक लाभ देकर बिना किसी डर व भय के हरे पेडो की कटाई कर पीकअप गाडियां, ट्रकों व ट्रालियों के माध्यम से हरियाणा सीमा में विक्रय कर रहे है।

सूत्रों की माने तो लकडी तस्कर सांय तीन-चार बजे के बीच पीकअप में हरी लकडियों को लोड कर बिना तीरपाल लगाये ही सरेआम सादुलपुर चूरू एनएच बाईपास से होकर, कांधराण गाँव से होकर तथा पुलिस थाना राजगढ के पीछे की गलियों से होकर पिलानी फाटकर पार कर बहल की ओर तस्करी कर लकडियां ले जाते हैं। सूत्रों की माने तो लगातार हो रही हरी लकडियों की तस्करी के संबन्ध में तस्करों को ना तो पुलिस प्रशासन, ना हीं स्थानीय प्रशासन तथा ना ही वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भय लगता है। जिसके कारण लकडी तस्करों के वारे न्यारे नजर आ रहे है। सूत्र बताते है कि क्षेत्रिय वन विभाग राजगढ एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा सिर्फ अपने आंकडों की पूर्ती करने हेतू केवल नाममात्र की ही कार्यवाही की जाती है, मगर हरे पेडो की तस्करी करने वालो के खिलाफ लम्बे समय कोई कार्यवाही नहीं की गई है जो कि वन विभाग एवं पुलिस प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवालिया निशान पैदा करती है।

## कुण्ड में गिरे युवक की मौत

**सादुलपुर, (निसं)।** अपने खेत में कास्त करने गये एक युवक की कुण्ड से पानी निकालते समय पैर फिसलकर कुण्ड में गिरने से अप्राकृतिक मौत हो गई। जिसका राजगढ थाना पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार भूपसिंह पुत्र चन्द्राराम जाति जाट निवासी वार्ड 38 राजगढ ने इस आरोप की रिपोर्ट पेश कर मामला दर्ज करवाया है कि 5 अक्टूबर 22 को उसका भतिजा देवेन्द्र सुण्डा 24 साल जो सत्यनारायण के खेत में बटाई में काश्त करता था, हमेशा की भांती खेत में गया हुआ था। जो दोपहर तक घर वापिस नहीं आया तो खेत में जाकर देखा तो उसके भतीजे की चप्पले कुण्ड के पास पडी थी तथा कुण्ड में देखा तो उसका शव कुण्ड में तैरता मिला। भूपसिंह ने बताया कि उसका भतिजा किसी समय खेत में काम करते हुए पैर फिसलने से कुण्ड मे गिर गया तथा कुण्ड में गिरने से देवेन्द्र सुण्डा की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# व्यापारी के साथ साढ़े 11 लाख की धोखाधड़ी

- **पान मसाले की डीलरशिप देने के नाम पर लिए थे रुपए, एक बार माल देने के बाद बंद की सप्लाई, पुलिस ने मामला दर्ज किया**

**चिड़ावा, (निसं)।** शहर के मुख्य बाजार के एक व्यापारी से नामी कंपनी की गुटखे की डीलरशिप देने के नाम पर साढे 11 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला चिड़ावा थाने में दर्ज हुआ है। इस संबंध में व्यापारी अनुज ने दो लोगों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार कल्याणराय मंदिर के पास के दुकानदार अनुज ने रिपोर्ट दी है कि 16 जुलाई 2021 को कमल जांगिड़ और रोहित चौधरी ने उसे पान-मसाला की डीलरशिप देने के लिए संपर्क किया। आरोपियों ने माल सप्लाई से पहले पांच लाख रुपए की डिमांड की। जिस पर अनुज ने 19 जुलाई को आरोपियों के बताए खाते में रुपए ट्रांसफर कर दिए। जिसके बाद 20 जुलाई को पांच लाख रुपए नकद दे दिए। अगले दिन यानी 21 जुलाई को कुछ माल भेजा गया। बाद में माल बंद कर दिया। पीड़ित ने कमल जांगिड़ से बात की तो उसने संबंधित पान-मसाला कंपनी छोडने की बात कही। उसने बताया कि वह दूसरी कंपनी लेकर आया है। जिसका माल सप्लाई कर दिया जाएगा। जिसकी एवज में पीड़ित ने 75 हजार रुपए खाते में तथा 80 हजार रुपए नकद दे दिए। जिसके बाद आरोपियों ने माल की सप्लाई नहीं की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## बस की टक्कर से महिला की मौत

**सादुलपुर, (निसं)।** हमीरवास थाने के पिलानी सादुलपुर सडक मार्ग पर 709 पर स्थित गाँव चाँदगोठी में सडक किनारे पैदल चल रही महिला को स्लीपर बस के चालक द्वारा तेजगति व लापरवाही से बस को चलाने से मारी टक्कर से महिला की मौत हो गई। जिसका हमीरवास थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है।

हमीरवास थानाधिकारी राधेश्याम ने बताया कि मुकेश कुमार शर्मा पुत्र रोहिताश कुमार निवासी चाँदगोठी, तहसील राजगढ (चूरू) ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि 5 अक्टूबर को प्रातः 5-5.3० बजे के आसपास उसकी माता शकुंतला देवी व उसका भाई रोहिताश कुमार उसके ताऊ के लडके के घर से पैदल-पैदल अपन घर आ रहे थे। जब वे चाँदगोठी बस स्टेण्ड पर पहुंचे तो राजगढ की तरफ से एक स्लीपर बस तेजगति से आई तथा जिसके चालक ने बडी तेजगति व लापरवाही से बस को चलाते हुए उसकी माँ शकुंतला देवी के टक्कर मार दी, जिससे वह बेहोस होकर गिर पडी। तथा चालक बस लेकर फरार हो गया। घटना के बाद उसे मौजूद लोगों व उसके भाई ने उसे घटनाक्रम की जानकारी दी तथा एम्बुलेंस के द्वारा राजकीय रैफरल अस्पताल राजगढ लेकर आये, जहाँ चिकित्सको ने उसकी माँ शकुंतला को मृत घोषित कर दिया। हमीरवास थाना पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# फरार वी मीडिया के संचालकों को पकड़ने की मांग

- **सैंकड़ों लोग विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया से मिले**

**सादुलपुर, (निसं)।** पुलिस थाना राजगढ की नाक के निचे चले जी मीडिया कम्पनी के ऑफिस में घर बैठे पैसा कमाओ जैसे लुभावने वादे देकर लोगों के करोडो रूपये लेकर फरार हुई कम्पनी के संचालकों के खिलाफ कार्यवाही की माँग को लेकर तथा आरोपियों को पकडने की माँग को लेकर पीडित लोग सादुलपुर विधायक पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनियां से मिले।

लोगों ने विधायक डॉ पूनियां को बताया कि पिलानी रोड पर स्थित वी मीडिया कंपनी लोगों के करोडों रुपए लेकर फरार हो गई है, जिसके कारण क्षेत्र के युवाओं में काफी रोष हैं। जिसको लेकर विधायक डॉ कृष्णा पूनिया, सीआई राजगढ कृष्ण कुमार बलौदा तथा डीएसपी से मिलकर वी मीडिया में मुल्जिमों को पकडने की माँग की है। इसी दौरान विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया के साथ सैंकडों लोग साथ थे। सूत्र बताते हैं कि वी मीडिया नामक कम्पनी में घर बैठे पैसा कमाने के लालच में आकर पुलिस कर्मी, पटवारी सहित अन्य कर्मचारी एवं क्षेत्र के अनेक युवा झाँसे में आकर करोडो रूपये की पूँजी निवेश कर चुके हैं तथा उक्त कंपनी के संचालक आनन्द वशिष्ठ एवं सहायक निरज निवेशको के धोखाधडी कर करोडो रूपये लेकर फरार हो चुके है। वहीं उक्त कम्पनी के फरार होने के चलते क्षेत्र के युवा पुलिस थाना राजगढ के पास नागौरी मार्केट में स्थित वी मीडिया कम्पनी के ऑफिस के आगे दिनभर सदमें में आकर चकर लगा रहे हैं।

गौरतलब है कि बीते रोज प्रवीण कुमार पुत्र शेराराम जाति जाट निवासी बुंगी हाल वार्ड ०6 कस्बा राजगढ ने करोडो रूपये लेकर फरार हुई वी मीडिया के मालिक आनन्द वशिष्ठ व सहायक निरज के खिलाफ 666 आई की 23,57640 रूपये लेकर फरार होने के आरोप में धोखाधडी सहित अन्य धाराओ के तहत पुलिस थाना राजगढ में मामला दर्ज करवाया था।

# पुलिस पर दुर्गा यात्राओं को रोकाने का आरोप

**झुंझुनूं, (निसं)।** एक बार फिर झुंझुनूं शहर में डीजे बंद कराने को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद करीब आधे घंटे से ज्यादा समय तक शहर में दुर्गा विसर्जन यात्रा रूकी रही।

बीच सड़क पर बैठकर शहर के युवाओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और जय श्री राम के नारे लगाए। दरअसल बुधवार को शहर में अलग-अलग जगहों पर हो रही आधा दर्जन से अधिक दुर्गा पूजा महोत्सवों का समापन हुआ। जिस पर सभी दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जन के लिए समस तालाब ले जाई जा रही थी।

कपड़ा बाजार तक ये दुर्गा प्रतिमाएं लिए हुए विसर्जन यात्रा पहुंची तो इस यात्रा में शामिल डीजे वाले को किसी पुलिसकर्मी ने डीजे बजाने का लाइसेंस आदि पूछ लिया। डर के मारे डीजे वाला मौके से भाग गया। जिसके बाद यात्रा में शामिल लोगों को पता चला कि पुलिसकर्मी द्वारा डराने पर डीजे वाला भाग गया। इस बात को लेकर सभी गुस्सा हो गया और विसर्जन यात्रा कपड़ा बाजार में ही रोककर इसमें शामिल लोग सड़क पर धरने पर बैठ गए।

विवाद और विरोध की सूचना पर शहर कोतवाल सुरेंद्र देगड़ा पहुंचे। जिन्होंने समझाइश की और डीजे वाले को वापिस बुलाया। इसके बाद वापिस यात्रा शुरू हुई। लेकिन एक बार यात्रा रूक जाने से तनाव जैसे हालात हो गए।

## गाजे-बाजे के साथ मूर्ति विसर्जन

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले के गांव देसुसर में बाबा रामगर महाराज मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव का बुधवार को गाजे बाजे के साथ समापन हुआ। सुबह पांडाल से मूर्ति विसर्जन यात्रा रवाना हुई। जो गांव के मुख्य मार्गों से गुजरी। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

यात्रा के दौरान ग्रामीण महिलाएं, युवतियां और युवक डीजे पर जमकर थिरकते नजर आए। तो वहीं गांव में जगह-जगह विसर्जन यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। गांव के पुराने घाट में पंडित विमल कुमार मिश्रा और पंडित अमित कुमार मिश्रा ने पूजा अर्चना करवाकर नवयुवकों द्वारा घाट में मूर्ति विसर्जन करवाया। भानुप्रकाश गुर्जर ने बताया कि नौ दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी हुई।

जिनमें अंदर-बाहर गेम्स में संगीता गुर्जर, चम्मच दौड़ में दीया गुर्जर, कुर्सी गेम्स में सरिता गुर्जर, जितेंद्र गुर्जर, सुई धागा में ओमप्रकाश मेव, ललिता, फूटबॉल निशाना में आदित्य और बोरी दौड में दिवेश स्वामी प्रथम रहे। जिनका सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ चढकर हिस्सा लिया विशेषकर महिलाओं की अहम भूमिका रही।

# स्टार एकेडमी संस्थान में उत्साह पूर्वक विजयादशमी पर्व मनाया

**झुंझुनूं (निसं)।** जिला मुख्यालय के बाकरा रोड स्थित स्टार एकेडमी संस्थान में बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य की जीत का पाठ विजयदशमी का पर्व मनाकर पढ़ाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज मील सदस्य जिला उपभोक्ता आयोग, विनोद जांगिड़ पार्षद नगर परिषद झुंझुनूं, मनीराम मंडीवाल प्राचार्य राउमावि सोनासर तथा विकास चौधरी प्रधानाचार्य आदर्श स्कूल बाकरा थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित तथा गणेश वंदना से की। इस अवसर पर छात्रों द्वारा एक शानदार अभिनय रामलीला का मंचन किया गया। जिसमें उन्होंने अयोध्या से राम के निर्वासन के बाद रावण पर उनकी जीत के दृश्य प्रस्तुत किए। कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों ने डांडिया एवं गरबा की अविस्मरणीय प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अभिभावकों के लिए डांडिया वेशभूषा तथा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें सर्वश्रेष्ठ डांडिया वेशभूषा के लिए सरिता चौधरी तथा सर्वश्रेष्ठ नृत्य के लिए मधु जांगिड़ को पुरस्कृत किया। रामायण प्रश्नोत्तरी में सुमन जांगिड़, मनोरमा, ज्योति टीबड़ेवाल को सम्मानित किया। इसी क्रम में डांडिया नृत्य प्रतियोगिता में सोनम, नीलम, कविता, मधु, भावना, सरिता का सम्मान किया तथा जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों अथर्व, सानिध्या, रोमिका, पीयूष को सम्मानित किया। अंत में दस सिर वाले रावण का विशाल पुतला जलाया गया।

विद्यालय श्रीराम के जयकारे से गुंजायमान था। संस्था एकेडमिक डायरेक्टर मोनिका निर्वाण ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य छात्रों को यह विश्वास दिलाना था कि कोई भी व्यक्ति कितना भी बुद्धिमान क्यों न हो, उसका अभिमान ही उसके पतन का कारण होगा। उन्हें बताया गया कि रावण मूल रूप से बहुत बुद्धिमान था। उनका ज्ञान दस सिरों के ज्ञान के बराबर था। उसके दस सिर उसकी महान बुद्धि के प्रतीक हैं। उन्हें सूचित किया गया था कि कैसे उनकी एक गलती ने उनकी पूरी बुद्धि पर काबू पा लिया और उन्हें खत्म कर दिया। छात्रों को अपने कार्यों में वास्तविक होने के लिए कहा एवं श्रीराम के प्रतीक स्वरूप को अपने जीवन में उतारने को प्रेरित किया एवं इस उत्सव को आयोजित करने का उद्देश्य वास्तव में छात्रों को बार-बार दोहराए जाने वाले संदेश यानी बुराई पर गुण की जीत के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने आने वाले त्योहारी माह के लिए शिक्षकों और छात्रों को बधाई एवं आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन अथर्व तथा सानिध्या ने किया। इस अवसर पर मैनेजमेंट के पदाधिकारियों के साथ महेश शर्मा, शंकरलाल, लक्ष्मीकांत शर्मा, श्रीराम, पूनम तंवर, नवीन सैनी, आरती गुप्ता, सविता, साक्षी सैनी, विक्रमसिंह, कविता पूनियां, पिंकी जांगिड़, प्रियंका बुडानिया, नीतू जानूं, रेखा पारीक आदि उपस्थित रहे।


**नाम परिवर्तन**

मै आर्मी नम्बर 16017252L रैंक-L हवलदार सोमबीर पुत्र रामानन्द निवासी राघा बड़ी, तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.) पिन 331023 का हूं। मेरे सेना सेवा सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम राजबाला दर्ज हो गया है। राजबाला एवं राजबाला गोदारा दोनों नाम की मेरी पत्नी एक ही महिला है, अलग-अलग महिला नहीं है। अब मैं मेरे सेना सेवा रिकॉर्ड में दर्ज मेरी पत्नी का नाम राजबाला के स्थान पर मेरी पत्नी के आधार कार्ड में दर्ज नाम राजबाला गोदारा के अनुसार राजबाला गोदारा दर्ज करवाना चाहता हूं जो सही एवं सत्य है, जिसके लिए पार्ट-2 आदेश जारी करवाना चाहता हूं। शपथ पत्र दिनांक (04.10.2022 प्रारूप में शपथ पत्र की तिथि) से पहले - नोटरी पब्लिक राजगढ़ (चूरू) राज.



